दिन– बुधवार दिनांक–13 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दरभंगा के शोभन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स की आधारशिला रखेंगे। कई रेल और अन्य परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण।
02. प्रदेश की चार विधानसभा सीटों– बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी।
03. राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास निगम और बियाडा के बीच राज्य में औद्योगिक विकास के लिए हुआ समझौता।
04. और, हरिहर क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला आज से हो रहा है शुरु। देश–विदेश से पहुंच रहे हैं साधु–संत और सैलानी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दरभंगा में बारह हजार करोड रुपये से अधिक लागत की पच्चीस विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स की आधारशिला रखेंगे। इसके परिसर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और आयुष ब्लॉक, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलिज, रेन बसेरा और अन्य आवासीय सुविधाएं शामिल होंगी। श्री मोदी तेरह योजनाओं के पूरा होने पर उन्हें देश को समर्पित करेंगे। जिसमें बिदुपुर और सेमरिया आरओबी, बंधुगंज पुल, दरभंगा बाईपास रेल लाईन समेत अन्य योजनाएं शामिल हैं। हमारे संवददाता ने खबर दी है कि दरभंगा एम्स का निर्माण अगले तीन वर्षो में शोभन में किया जाएगा। इससे मिथिलांचल क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाएं पूरी होंगी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

प्रधानमंत्री दरभंगा से ही बेगूसराय के बरौनी में इंडियन ऑयल के बीटू मिन उत्पादन इकाई का शिलान्यास करेंगे। इसके निर्माण पर, तीन सौ नवासी करोड़ रूपये खर्च होंगे।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि दरभंगा एम्स का निर्माण होने से राज्य में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होंगी। श्री चौधरी ने कहा कि दरभंगा बाईपास रेल लाईन के चालू होने से उत्तर बिहार में विकास की रफ्तार तेज होगी और रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में विकसित बिहार का मार्ग प्रशस्त होना। उन्होंने कहा कि दरभंगा में कई रेलगाड़ियों की शुरूआत आज हो रही है, जिससे यात्रा सुगम और आरामदायक होगी।

———————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा है कि दरभंगा में एम्स के निर्माण से मिथिला के लोगों को बेहतर इलाज के लिए कहीं बाहर नहीं जाना होगा।

———बाईट———

———————————————————

दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर ने कहा है कि दरभंगा एम्स के निर्माण से मिथिला के साढ़े आठ करोड़ लोगों की उम्मीदें पूरी होगी। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज का दिन मिथिला के इतिहास का एक ऐतिहासिक दिन है।

———बाईट———

———————————————————

प्रदेश की चार विधानसभा सीट बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से मतदान शांतिपूर्वक जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतार देखी जा रही है। बुजुर्ग मतदाता पूरे जोश के साथ मतदान के लिए केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में भी मतदाता समूह में केन्द्रों की ओर जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन चारों विधानसभा क्षेत्रों में एक हजार दो सौ सतहत्तर मतदान केंद्रों पर बारह लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उप चुनाव में कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। वहीं, भाकपा माले एक सीट पर मुकाबले में है। एनडीए खेमे से भाजपा दो सीट पर जबकि जदयू और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा एक एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। बहुजन समाज पार्टी ने दो, जबकि जनसुराज पार्टी ने सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

गया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इमामगंज और बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्वक जारी है। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

इमामगंज और बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह है। लोग कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के तीन सौ सत्रह मतदान केंद्रों पर शाम चार बजे तक मतदान होगा। वहीं, शेष उनतीस मतदान केंद्रों पर मतदान का समय शाम छह बजे तक निर्धारित है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर शाम छह बजे तक मतदान होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह–जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम. ने बताया कि मतदान केन्द्रों

पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हो रहा है। अभी तक किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि की सूचना नहीं मिली है। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

कैमूर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्ग और महिला मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्र पर पहुंच रहे हैं।

––––रिपोर्ट–––

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच जारी है। गुलाबी ठंड के बीच मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचकर पहले मतदान बाद में जलपान के तर्ज पर कतारबद्ध होकर बारी–बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया है। डीएम सावन कुमार, एसपी ललित मोहन शर्मा सहित जिले के वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मतदान केंद्रों पर पहुंचकर विधी व्यवस्था की मानिटरिंग कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से श्रीकांत पांडेय।

इधर, भोजपुर के तरारी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी है। मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। कई मॉडल बूथ भी बनाये गये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मतदाताओं में उत्साह दिख रहा है। महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा देखी जा रही है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास निगम, एनआईसीडीसी और बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण, बियाडा के बीच एकीकृत विनिर्माण कलस्टर को अगले चार साल में विकसित करने के लक्ष्य के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ है। उद्योग मंत्री नितिश मिश्रा ने बताया कि इस समझौते से राज्य में औद्योगिक विकास के लिए नये युग की शुरूआत हुई है। प्रदेश को औद्योगिक और आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। इससे मंत्री ने कहा कि इस समझौते से राज्य में एक लाख से अधिक नौकरियां युवाओं को मिलेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र यादव ने केन्द्र सरकार से देश में एक राष्ट्र एक बिजली दर लागू करने की मांग की है। नई दिल्ली में ऊर्जा मंत्रियों के एक सम्मेलन में उन्होंने यह मांग करते हुये केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री से प्रदेश की लम्बित परियोजनाओं को जल्द मंजूरी देने का अनुरोध किया। श्री यादव ने कहा कि राज्य में बिजली के क्षेत्र के कई कार्यों का निरीक्षण अन्य राज्यों के अधिकारियों ने किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

सारण जिले के हरिहर क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला आज से शुरु हो रहा है। मेले में सांस्कृतिक और मनोरंजन के कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र रहेंगे। राज्य सरकार

ने इसे राजकीय मेले का दर्जा दिया है। मेले का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा संयुक्त रूप से करेंगे। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से मेला क्षेत्र में पर्यटक ग्राम बनाया गया है। जिसमें विदेशी मेहमानों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस छह स्विस कॉटेज बनाये गये हैं। सैलानियों की सहायता के लिए गाईड तैनात किये गये हैं, जो लोगों को मेले की महत्ता की जानकारी देंगे। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए स्पेशल टूर पैकेज की व्यवस्था की गयी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गयी है कि मेला क्षेत्र में आठ अस्थाई चिकित्सा शिविर लगाये गये हैं। पशु और मत्स्य संसाधन विभाग के माध्यम से मेला क्षेत्र को 8 वार्ड में बांट कर प्रत्येक वार्ड में एक–एक पशु चिकित्सालय कार्यरत है। उद्योग विभाग के माध्यम से इक्कीस विधाओं के तिरेसठ शिल्पकार और बुनकर अपनी कलाकृति का प्रदर्शन करेंगे।

———————————————————

राजगीर में खेली जा रही महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता के एक रोमांचक मुकाबले में कल मेजबान भारत ने दक्षिण कोरिया को तीन–दो से हरा दिया। भारतीय टीम की स्टार खिलड़ी दीपिका कुमारी ने दो और संगीता कुमारी ने एक गोल किया। इधर, थाईलैंड और जापान के बीच मैच एक–एक से ड्रा हो गया। वहीं, एक अन्य मुकाबले में चीन ने मलेशिया को एकतरफा मुकाबले में पांच–शून्य से पराजित कर दिया। अंक तालिका में चीन ज्यादा गोल के साथ छह अंक लेकर पहले स्थान पर है। जबकि भारत छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और जापान दो अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। आज विश्राम का दिन होने के कारण कोई मैच नहीं होगा।

———————————————————

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार पूर्व–मध्य–रेल क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अध्यक्ष ने छठ पूजा के बाद भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधा सहित सभी प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की। श्री कुमार ने सोनपुर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

———————————————————

सोनपुर रेल मंडल ने मुजफ्फरपुर और बरौनी सहित डिवीजन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले सभी यात्रियों से धैर्य बरतने की अपील की है। सोनपुर मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारी रौशन कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत कहा कि भगदड़ से बचने के लिए होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। सभी भीड़ भाड़ वाले स्टेशनों पर पर्याप्त सुविधाएं है और बड़ी संख्या में विशेष ट्रेन चलायी जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि चौदह नवम्बर से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि इस विक्षोभ के प्रभाव से सुपौल, अररिया और मधुबनी समेत हिमलाय की तराई वाले क्षेत्रों में सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......
आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने वायु प्रदूषण को बड़ी खबर बनाया है। अखबार ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण परिषद की ओर से जारी रिपोर्ट पर लिखा है– हाजीपुर देश का सबसे प्रदूषित शहर।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– तीन सौ सत्तर पर पाक की भाषा बोल रही कांग्रेस।

दैनिक भास्कर ने पटना के आसरा गृह में दो युवतियों की मौत पर लिखा है– आसरा गृह में खिचड़ी खाने से दो युवतियों की मौत।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दरभंगा के शोभन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स की आधारशिला रखेंगे। कई रेल और अन्य परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण।
02. प्रदेश की चार विधानसभा सीटों– बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी।
03. राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास निगम और बियाडा के बीच राज्य में औद्योगिक विकास के लिए हुआ समझौता।
04. और, हरिहर क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला आज से हो रहा है शुरु। देश–विदेश से पहुंच रहे हैं साधु–संत और सैलानी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।